दिन—शनिवार दिनांक— 11 / 05 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान का आज अंतिम दिन।

02. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा बेगूसराय में करेंगे चुनावी सभाएं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में जनसभा।

03. औरंगाबाद के मदनपुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम। पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने चार आईईडी बम किये निष्क्रिय।

04. और, मौसम विभाग ने कहा— अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियां और कटिहार समेत आस—पास के जिलों में कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

---

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान का आज अंतिम दिन है। राज्य के पांच संसदीय क्षेत्रों— मुंगेर, बेगूसराय, समस्तीपुर, उजियारपुर और दरभंगा में प्रचार का शोर आज शाम समाप्त हो जायेगा। इन क्षेत्रों में तेरह मई को मतदान होना है। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और स्टार प्रचारकों ने अपने—अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी ताकत झोंक दी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा आज बेगूसराय में भाजपा प्रत्याशी गिरिराज सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सीतामढ़ी में देवेश चन्द्र ठाकुर और हाजीपुर में चिराग पासवान के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। इधर, कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे आज मुजफ्फरपुर में अजय निषाद और समस्तीपुर में कांग्रेस प्रत्याशी सन्नी हजारी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी आज दरभंगा, बेगूसराय, वैशाली और मुंगेर में चुनावी सभा करेंगे। इधर, वामपंथी दल सीपीआई, सीपीएम और माले के वरिष्ठ नेता भी इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के लिए प्रचार में जुटे हुए हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी अपने—अपने क्षेत्र में लगातार जनसम्पर्क अभियान चला रहे हैं।

---

चौथे चरण के तहत उजियारपुर संसदीय क्षेत्र मे सबसे अधिक तेरह उम्मीदवार, जबकि दरभंगा मे सबसे कम आठ उम्मीदवार अपनी चुनावी किस्मत आजमा रहे हैं।

समस्तीपुर और मुंगेर संसदीय क्षेत्र में बारह–बारह उम्मीदवार, वहीं, बेगूसराय में दस उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं।

———————————————————————

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पटना में रोड शो करेंगे। श्री मोदी पटना साहिब से पार्टी प्रत्याशी रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र से पार्टी उम्मीदवार रामकृपाल यादव के पक्ष में वोट की अपील करेंगे। भाजपा नेता नितिन नवीन ने बताया कि प्रधानमंत्री का रोड शो शाम पाँच बजकर तीस मिनट पर डाकबंगला चौराहा से शुरू होगा और भट्टाचार्य मोड़, कदमकुआँ होते हुए गाँधी मैदान स्थित उद्योग भवन के पास समाप्त होगा।

———बाईट———

इधर, प्रधानमंत्री के रोड शो को लेकर राजधानी पटना में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। शहर के मुख्य मार्गों पर बड़ी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। वहीं, यातायात व्यवस्था में भी परिवर्तन किया जा रहा है।

———————————————————————

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के तहत नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम, काराकाट और जहानाबाद संसदीय क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया जारी है। कल इन सीटों से उनतालीस प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। पटना साहिब संसदीय क्षेत्र से भाजपा के रविशंकर प्रसाद समेत चार प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र भरा। काराकाट से एनडीए प्रत्याशी के तौर पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के उपेन्द्र कुशवाहा ने अपना पर्चा दाखिल किया। इधर, बक्सर संसदीय क्षेत्र से राजद के सुधाकर सिंह और भाजपा के मिथिलेश कुमार तिवारी समेत पांच प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किये हैं। आरा लोकसभा क्षेत्र से भाकपा–माले के सुदामा प्रसाद समेत पांच प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा भरा। सासाराम सुरक्षित सीट से भाजपा के शिवेश कुमार ने नामांकन पत्र भरा। इधर, जहानाबाद से बसपा प्रत्याशी अरूण कुमार ने भी अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस चरण के लिए नामांकन की आखिरी तारीख चौदह मई है। पन्द्रह मई को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। वहीं, प्रत्याशी सत्रह मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। मतदान एक जून को होगा।

———————————————————————

अगिआंव विधानसभा उप–चुनाव के लिए भी नामांकन प्रक्रिया जारी है। कल निर्दलीय विजय मेहरा ने इस सीट के लिए नामांकन पत्र भरा। उप–चुनाव के लिए अब तक दो प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। प्रत्याशी चौदह मई तक नामांकन पत्र भर सकते हैं। उपचुनाव एक जून को होगा। जदयू ने इस सीट पर पूर्व विधायक प्रभुनाथ प्रसाद

और भाकपा–माले ने शिव प्रकाश रंजन को अपना प्रत्याशी बनाया है। गौरतलब है कि भाकपा–माले के पूर्व विधायक मनोज मंजिल को हत्या के एक मामले में सजा सुनाये जाने के बाद उनकी सदस्यता समाप्त हो गयी थी।

---

खगड़िया लोकसभा क्षेत्र के बेलदौर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत बूथ संख्या एक सौ बयासी और एक सौ तेरासी पर हुये पुनर्मतदान में इकसठ दशमलव चार प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का उपयोग किया। इसके साथ ही खगड़िया संसदीय क्षेत्र के कुल बारह प्रत्याशियों के भाग्य ईवीएम में सील हो गये हैं। मतगणना चार जून को होगी। गौरतलब है कि पिछले सात मई को सम्पन्न हुए मतदान के दौरान इन बूथों पर दो पक्षों में झड़प के बाद ईवीएम को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया था।

---

और अब सुनते है राज्य के संसदीय निर्वाचन–क्षेत्रों के राजनीतिक परिदृश्य पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृंखला। आज बात गोपालगंज लोकसभा सीट की। गोपालगंज बिहार के उन आठ संसदीय निर्वाचन– क्षेत्रों में से एक है, जहां छठे चरण में पच्चीस मई को मतदान होना है। हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट–

–––बाईट–––

बिहार को तीन मुख्यमंत्री– अब्दुल गफूर,लालू प्रसाद और राबड़ी देवी देने वाला गोपालगंज, एक हाई प्रोफाइल लोकसभा सीट माना जाता है। वर्ष 2008 के परिसीमन के बाद यह लोकसभा क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया। वर्ष 2009 से अब तक हुए चुनावों में इस सीट पर भाजपा और जद यू का कब्जा रहा है। 2009 में जद यू के पूर्णमासी राम, 2014 में भाजपा के जनक राम और 2019 में जद यू के आलोक कुमार सुमन इस सीट से निर्वाचित हुए। एन डी ए में सीट बंटवारे के तहत गोपालगंज सीट जद यू के खाते में आई और पार्टी ने निवर्तमान सांसद आलोक कुमार सुमन पर एक बार फिर भरोसा जताते हुए उन्हें चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं, इंडी गठबंधन में यह सीट विकासशील इंसान पार्टी के पास आई। पार्टी ने प्रेमनाथ चंचल को उम्मीदवार बनाया है। प्रेमनाथ चंचल की राजनैतिक पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की रही है। उनके पिता सुदामा मांझी की पहचान भी जिला भाजपा के बड़े नेता के रूप में रही है। बहरहाल, गोपालगंज सीट से कुल 11 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं लेकिन मुख्य मुकाबला एन डी ए उम्मीदवार आलोक कुमार सुमन और इंडी गठबंधन के प्रेमनाथ चंचल के बीच ही माना जा रहा है। विधानसभावार स्थिति देखें तो एन डी ए का पलड़ा मजबूत दिखता है। 6 में से 4 विधानसभा क्षेत्र पर भाजपा और जद यू का कब्जा है। दो विधानसभा सीट पर राजद के विधायक हैं। बरौली और गोपालगंज में भाजपा जबकि कुचायकोट और भोरे में जद यू के विधायक हैं। वहीं, बैकुंठपुर और हथुआ विधानसभा क्षेत्र में राजद के विधायक हैं। कृषि प्रधान गोपालगंज लोकसभा क्षेत्र में कभी उद्योग–धंधों की भरमार थी। चार चीनी मिल, डालडा फैक्ट्री, कड़ाही फैक्ट्री समेत कई लघु उद्योग हुआ करते थे, लेकिन सब एक–एक कर बंद होते चले गये। फिलहाल दो चीन मिल चालू हैं। यही कारण है कि रोजगार के लिए हर साल बड़ी संख्या में श्रम शक्ति का पलायन होता है। स्थानीय समस्याओं से इतर इस बार के चुनाव में राष्ट्रीय मुद्दे अधिक हावी दिख रहे हैं। एन डी ए प्रत्याशी केंद्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों के आधार पर लोगों से मतदान की अपील कर रहे हैं। वहीं, वी आई पी उम्मीदवार महंगाई और बेरोजगारी की बात कर मतदाताओं को गोलबंद कर रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि क्षेत्र के 20 लाख से अधिक मतदाता किस गठबंधन के प्रत्याशी पर अपना भरोसा जताते हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए गोपालगंज से मधेश तिवारी।

---

औरंगाबाद जिले में स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर नक्सलियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने मदनपुरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत पचरूखिया के जंगली इलाके में रखे चार आईईडी बमों को निष्क्रिय कर दिया। मदनपुर के पुलिस उपाधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की साजिश के तहत नक्सलियों द्वारा ये बम लगाये गये थे, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया है।

---

मौसम विभाग ने कहा है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तर बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, मधेपुरा और पूर्णियां जिले में कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। वहीं, दक्षिण बिहार में अधिकांश स्थानों पर बादल छाये रहने के साथ ही हल्की बारिश हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान दरभंगा के हायाघाट में सबसे अधिक बयालीस दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। समस्तीपुर के पटोरी में पैंतीस दशमलव दो और अररिया में तैंतीस दशमलव आठ मिलीमीटर बारिश हुई है।

---

दूरसंचार विभाग–डीओटी ने साइबर अपराधों में दुरुपयोग किए गए अट्ठाईस हजार दो सौ मोबाइल हैंडसेट को पूरे देश में ब्लॉक करने के लिए दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश जारी किए हैं। विभाग ने मोबाइल हैंडसेट से जुड़े बीस लाख मोबाइल कनेक्शन को तुरंत पुनः सत्यापित करने के भी निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में इन कनेक्शन को डिसकनेक्ट करने का निर्देश दिया गया है।

---

पटना जिले में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पटना नगर निगम की और से दीघा घाट पर इंडयिन वोटर्स लीग की शुरूआत की गयी। पन्द्रह दिनों तक चलने वाली इस क्रिकेट लीग का उद्घाटन राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच. आर. श्रीनिवास, जिलाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक और नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने संयुक्त रूप से किया।

---

रूस के कजान में सत्रह से बाईस जून तक आयोजित होने वाले ब्रिक्स खेल में छपरा के आकाश कुमार का भारतीय तलवारबाजी टीम में चयन हुआ है। आकाश का नौकरी पाओ योजना के तहत राज्य सरकार के गृह विभाग में कार्यरत हैं।

---

पटना में आयोजित राज्य महिला शतरंज प्रतियोगिता में बारह खिलाड़ी शीर्ष स्थान पर है। इनमें मुख्य रूप से मरियम फातिमा, नेहा सिंह, मिन्की सिन्हा, अदीबा उल्लाह, रश्मि प्रिया और प्रेरणा शामिल हैं।

---

सहरसा जिले में अक्ष्य तृतीया पर्व के अवसर पर चाईल्ड हेल्पलाईन टीम की ओर से जिले के प्रसिद्ध मंदिरों के पुजारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी। बैठक में पुजारियों को बाल–विवाह निषेध अभियान के संबंध में जानकारी दी गयी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर ने लोकसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– हिन्दू विरोधी कांग्रेस को देश की फिक्र नहीं–मोदी। अखबार कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बयान के हवाले से लिखता है– ये मेरी गारंटी.... अब मोदी पीएम नहीं बनेंगे। हिन्दुस्तान की बड़ी खबर है– मुजफ्फरपुर में पाकिस्तानी संगठन से जुड़ा नेपाल का संदिग्ध गिरफ्तार। एक अन्य खबर में अखबार लिखता है– एमबीबीएस शिव, शिक्षक भर्ती, पेपर लीक का खलनायक, आर्थिक अपराधी इकाई ने मामले का किया खुलासा। प्रभात खबर लिखता है– नीट में धांधली, आर्थिक अपराधी इकाई ने जांच संभाली। दैनिक जागरण की सुर्खी है– आम आदमी पार्टी के संयोजक केजरीवाल को चुनाव प्रचार के लिए एक जून तक मिली अंतरिम जमानत। दो जून को करना होगा आत्मसमर्पण। आज अखबार ने लिखा है– संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति के वेतन पर रोक।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के लिए प्रचार अभियान का आज अंतिम दिन।
02. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा बेगूसराय में करेंगे चुनावी सभाएं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में जनसभा।
03. औरंगाबाद के मदनपुर में नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम। पुलिस और सीआरपीएफ की टीम ने चार आईईडी बम किये निष्क्रिय।
04. और, मौसम विभाग ने कहा– अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, मधेपुरा, पूर्णियां और कटिहार समेत आस–पास के जिलों में कुछ स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।